ग्रामीण क्षेत्रों से खिलाड़ियों का चयन

1437. **श्री अजीत जोगी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा-संपन्न खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए उनका चयन करने की कोई योजना बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी) : (क) और (ख) खेल प्रतिभाशालियों की पहचान और उपयुक्त प्रशिक्षण के लिए निम्नलिखित योजनाएं विद्यमान हैं, जिनके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को जबरदस्त रूप से लिया जाता है।

(i) राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता योजना।

(ii) विशेष क्षेत्र खेल योजना ।

(iii) खेल परियोजना विकास क्षेत्र योजना।

प्रबन्ध अध्ययन संस्थानों की स्थापना किया जाना

1438. **श्री अजीत जोगी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सहायता से चलाए जा रहे प्रबन्ध अध्ययन संस्थानों के नाम क्या-क्या हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन संस्थानों पर वर्षवार कितनी धनराशि खर्च की गई और प्रत्येक संस्थान में कितने छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया;

(ग) क्या सरकार ने इन संस्थानों के कार्य-करण की पुनरीक्षा की है;

(घ) यदि हां, तो उसका परिणाम क्या रहा है;

(ङ) क्या सरकार कुछ और प्रबन्ध अध्ययन संस्थानों की स्थापना करने का विचार रखती है; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और ऐसे संस्थान कहां-कहां स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) अहमदाबाद, कलकत्ता, बंगलौर और लखनऊ स्थित चार भारतीय प्रबंध संस्थान केन्द्रीय सहायता से चलाए जा रहे हैं ।

(ख) संलग्न विवरण में दिए गए विवरण के अनुसार । **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) भारत सरकार ने राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डा० वी० कुरियन की अध्यक्षता में एक समीक्षा समिति गठित की है । इस समिति ने अभी तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है ।

(ङ) केन्द्रीय सरकार वित्तीय कठिनाइयों के कारण आठवीं योजना अवधि के दौरान कोई नया भारतीय प्रबंध संस्थान देश में कहीं भी स्थापित करने की स्थिति में नहीं है ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

(रु० लाखों में)

संस्थान का नाम	1988-89		1989-90		1990-91	
	दिया गया अनुदान	छात्रों की संख्या	दिया गया अनुदान	छात्रों की संख्या	दिया गया अनुदान	छात्रों की संख्या
भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद	289.78	417	315.68	437	400.13	426
भारतीय प्रबंध संस्थान, कलकत्ता	319.50	303	415.80	315	497.17	330
भारतीय प्रबंध संस्थान, बंगलौर	299.17	310	308.13	338	348.36	378
भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ	253.00	68	454.00	128	690.00	180

(**टिप्पणी** : छात्रों की बताई गई संख्या में केवल स्नातकोत्तर और फैलोशिप कार्यक्रमों के लिए पंजीकृत पूर्ण कालिक छात्र ही शामिल हैं ।)